**Dr. Subhash Chandra Gupta, Hindi Department**
**Karim City College, Jamshedpur**

**B.A./SEM. VI 2020**
**Hindi Hons. Paper 13**
**Full marks. 70**
**3 hours**

प्रश्न 1. सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर सही (√) या गलत (x) का निशान लगायें

2x10=20

(क) प्रयोजनमूलक भाषा का अर्थ है किसी खास प्रयोजन की भाषा।
(ख) प्रयोजनमूलक भाषा में भावना की प्रबलता होती है।
(ग) प्रयोजनमूलक भाषा में औपचारिकता नही होती है।
(घ) कार्यालयी हिन्दी की भाषा सूचना–प्रधान होती है।
(ङ) प्रतिवदन शब्द अंग्रेजी के रिपोर्ट शब्द का हिन्दी अनुवाद है।
(च) प्रशासनिक हिन्दी प्रयोजनमूलक हिन्दी का मुख्य क्षेत्र है।
(छ) प्रशासनिक भाषा में सरलता नही होती।
(ज) प्रारूपण भी प्रशासनिक पत्राचार का ही एक रूप है।
(झ) प्रारूपण प्रशासनिक पत्राचार की पूर्व स्थिति है।
(ञ) टिप्पण की भाषा में अलंकारों का प्रयोग होना चाहिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से दो का संक्षिप्त उत्तर दें।

2x5=10

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी क्या है – संक्षिप्त टिप्पणी करें।
(ख) प्रारूपण और टिप्पण के अन्तर को स्पष्ट करें।
(ग) प्रशासनिक भाषा की बनावट पर प्रकाश डालें।
(घ) औपचारिक प्रतिवेदन क्या है?

प्रश्न(3) निम्नलिखित में से दो की परिभाषा दें?

2x5=10



Scanned with CamScanner

(1) निविदा
(2) अधिसूचना
(3) प्रशासनिक पत्राचार
(4) ज्ञापन

प्रश्न (4) निम्नलिखित में से दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दें।

**2x15=30**

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसके व्यवहारगत क्षेत्रों पर प्रकाश डालें।
(ख) प्रशासनिक शब्दावली की विशेषताओं को रेखांकित करें।
(ग) टिप्पणी क्या है? इसके स्वरूप और विशेषताओं पर प्रकाश डालें।
(घ) प्रतिवेदन क्या है? इसके लेखन की मुख्य बातों की चर्चा करते हुए प्रभावों की समीक्षा करें।



Scanned with CamScanner

Dr. Subhash Chandra Gupta, Hindi Department
Karim City College, Jamshedpur

**B.A./SEM. VI 2020**
**Hindi Hons. Paper 14**
**Full marks. 70**
**3 hours**

प्रश्न 1. सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें : 2x10=20

(क) पत्रकारिता को लोकतंत्र का कौन–सा स्तंभ माना जाता है।
(1) पहला (2) दूसरा (3) तीसरा (4) चौथा

(ख) हिन्दी की पहली पत्रिका कौन–सी थी?
(1) उदन्त मार्तण्ड (2) समाचार–दर्शन (3) अभिव्यक्ति (4) प्रजामित्र

(ग) हिन्दी का पहला पत्र कब प्रकाशित हुआ?
(1) 1826 (2) 1830 (3) 1840 (4) 1825

(घ) हिन्दी का पहला पत्र किस शहर से प्रकाशित हुआ
(1) दिल्ली (2) कोलकत्ता (3) मुंबई (4) चेन्नई

(ङ) किस अंग्रेज गवर्नर ने भारत के प्रेस पर से प्रतिबंध हटाया था।
(1) लार्ड कार्नवालिस (2) वारेन हेस्टिंग्स (3) वेलेजली (4) जॉन्सन एण्ड कंपनी

(च) किस कंपनी ने भारत में पहला छापाखाना स्थापित किया?
(1) इस्ट इंडिया कंपनी (2) एच. व्हीलर कंपनी (3) बैनेट कॉलमन कंपनी (4) मेटकॉफ

(छ) कविवचन सुधा पत्रिका के संपादक का नाम बतावें
(1) भारतेन्दु (2) प्रतापनारायण मिश्र (3) माखनलाल चतुर्वेदी (4) सुभद्रा कुमारी चौहान

(ज) इनमें से किस पत्रकार की हत्या कानपुर के दंगें में हुई थी।
(1) भारतेन्दु (2) गणेशशंकर विद्यार्थी (3) कृष्णमोहन मिश्र (4) सियारामशरण गुप्त

(झ) सरस्वती पत्रिका के संपादक का नाम बतावें
(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी (2) रामविलास शर्मा (3) निर्मल वर्मा (4) डॉ0 नगेन्द्र

(ञ) इनमें से कौन भारत–सरकार का चैनल है?



Scanned with CamScanner

(1) आजतक (2) एनडीटीवी (3) डीडी भारती (4) जीटीवी

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से चार का संक्षिप्त उत्तर लिखें।

4x5=20

(क) पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ क्यों कहा जाता है?
(ख) प्रिन्टमीडिया एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के अन्तर को स्पष्ट करें।
(ग) प्रायोजक (स्पॉन्सर) का क्या मतलब है?
(घ) मीडिया और विज्ञापन के संबंधों पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।
(ङ) समाचार–संकलन क्या है?
(च) अखबार में संपादक का क्या महत्व है?
(छ) दायित्व की दृष्टि से एक पत्रकार की क्या–क्या योग्यता होनी चाहिए।
(ज) एक अखबार में सम्पादकीय की क्या प्रासंगिकता है?

प्रश्न(3) निम्नलिखित में से दो का विस्तार से उत्तर दें।

2x15=30

(क) पत्रकारिता की अवधारणा और उसके महत्व पर प्रकाश डालें।
(ख) स्वतंत्रतापूर्व की हिन्दी पत्रकारिता का मूल्यांकन करें।
(ग) हिन्दी पत्रकारिता में सरस्वती पत्रिका के अवदान की समीक्षा करें।
(घ) हिन्दी पत्रकारिता की वर्त्तमान दिशा–दशा पर जनतांत्रिक दृष्टि से विचार करें।



Scanned with CamScanner

**Dr. Subhash Chandra Gupta, Hindi Department**
**Karim City College, Jamshedpur**

**B.A./SEM. VI 2020**
**Hindi Hons. DSE- 3**
**Full marks. 70**
**3 hours**

**(क) और (ख) में से किसी एक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर दें।**

**खण्ड (क) अनुवाद**

प्रश्न 1. सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर सही (✓) या गलत (x) का निशान लगायें

2x10=20

(क) अनुवाद एक विशुद्ध सर्जनात्मक कला है।
(ख) अनुवाद एक मौखिक प्रक्रिया है।
(ग) अनुवाद के लिए दो भाषाओं का ज्ञान जरूरी नहीं है।
(घ) कार्यालयी अनुवाद की भाषा बोधगम्य होनी चाहिए।
(ङ) साहित्यिक अनुवाद में भाव–संप्रेषण महत्वपूर्ण होता है।
(च) बहुभाषी समाज में अनुवाद की प्रासंगिकता नहीं होती है।
(छ) अनुवाद दो समाजों को अलग करता है।
(ज) अनुवादक का दोनों भाषाओं पर समानाधिकार होना चाहिए।
(झ) अनुवाद का क्षेत्र असीमित है।
(ञ) अनुवादक सांस्कृतिक दूत होता है।

प्रश्न 2. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से दो का संक्षिप्त उत्तर दें।

2x5=10

(क) अनुवाद एक कला है – संक्षिप्त टिप्पणी करें।
(ख) शब्दानुवाद एवं भावानुवाद के अन्तर को स्पष्ट करें।
(ग) लक्ष्य–भाषा और स्रोत–भाषा के संबंधों पर प्रकाश डालें।



Scanned with CamScanner

(घ) अनुवादक की जरूरी योग्यताओं की संक्षिप्त चर्चा करें

प्रश्न (3) निम्नलिखित का हिन्दी में अनुवाद करें। 2x5=10

(1) Novelist
(2) Notification
(3) Promoter
(4) Engineer
(5) Artist

प्रश्न (4) निम्नलिखित में से दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दें।

2x15=30

(क) अनुवाद की परिभाषा देते हुए इसके क्षेत्र का विवेचन करें
(ख) बहुभाषी समाज में अनुवाद की प्रासंगिकता का मूल्यांकन करें।
(ग) अनुवाद की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्त्व की समीक्षा करें।
(घ) बहुभाषी समाज में अनुवाद की प्रासंगिकता का मूल्यांकन करें।

## खण्ड –ख (लोक–साहित्य)

प्रश्न (1) सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर सही (√) या गलत (x) का निशान लगाएँ :

2x10=20

(क) लोक–साहित्य का अर्थ क्या ग्रामीण साहित्य है?
(ख) लोक–साहित्य की केवल वाचिक परंपरा रही है।
(ग) जात्रा लोक–रंगमंच का एक प्रकार है।
(घ) बारहमासा एक संस्कार–गीत है।
(ङ) आधुनिक रंगमंच लोक–रंगमंच का ही विकसित रूप है।
(च) सोहर लोकगीत का रूप है।
(छ) लोकोक्तियों की भी एक सामाजिक पृष्ठभूमि होती है।
(ज) नौटंकी उत्तरप्रदेश के लोक–रंगमंच का एक स्वरूप है।
(झ) लोक–कथा के साथ उसके लेखक का नाम जुड़ा होता है।
(ञ) रोपनी कृषिकार्य का हिस्सा नहीं है।



Scanned with CamScanner

प्रश्न (2) निम्नलिखित चार में से दो प्रश्नों का संक्षिप्त उत्तर दें।

2x10=20

(क) लोक साहित्य और लिखित साहित्य का अन्तर स्पष्ट करें।

(ख) लोक साहित्य के किसी एक रूप पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।

(ग) संस्कार–गीत का क्या अर्थ है?

(घ) बारहमासा की विषयवस्तु पर टिप्पणी करें।

प्रश्न (3) निम्नलिखित चार में से दो प्रश्नों का विस्तार में उत्तर दें : 2x15=30

(क) लोक साहित्य की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए लिखित साहित्य के इसकी भिन्नता को स्पष्ट करें।

(ख) लोक साहित्य के विविध प्रकारों की समीक्षा करें।

(ग) लोकगीत के विभिन्न स्वरूपों की चर्चा करते हुए संस्कार–गीत पर प्रकाश डालें।

(घ) लोककथा एवं लोकगाथा का तुलनात्मक विवेचन करें।



Scanned with CamScanner